RNI No/Title Code : UPHIN49594

हिन्दी दैनिक

# नवयुग समाचार

बहराइच से प्रकाशित

एक सामाजिक दर्पण

वर्ष :4, अंक 226
बहराइच,शुक्रवार
12 दिसम्बर,2025
पृष्ठ-04,
मूल्य रू० 2 .00

लखनऊ, उन्नाव, हरदोई, कानपुर, कन्नौज, फरुर्खाबाद, गोरखपुर, अम्बेडकरनगर, अयोध्या, म.प्र., बिहार में प्रसारित

## मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण योजना में अब आएगी तेजी



लखनऊ : मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण योजना के तहत होने वाले कार्यों में अब तेजी आएगी। राज्य सरकार ने योजना में शामिल जमीन के भू-उपयोग को कृषि से आवासीय में परिवर्तित करने का अधिकार अब विकास प्राधिकरण को दे दिया है। अब तक शासन को ही अधिकार होने से भू-उपयोग परिवर्तन में समय लगता था जिससे भूमि का मूल्य बढ़ने के साथ ही योजना के पूरा होने में कहीं अधिक समय लगता था। आवास एवं शहरी नियोजन के प्रमुख सचिव पी. गुरूप्रसाद द्वारा विकास प्राधिकरणों के उपाध्यक्षों को जारी शासनादेश में स्पष्ट तौर पर कहा गया है कि उत्तर प्रदेश टाउनशिप नीति-2023 के तहत 50 एकड़ से अधिक भूमि पर परियोजना के लिए लाइसेंस हासिल करने वाले विकासकताओं की भूमि का भू-उपयोग तो प्राधिकरण बोर्ड के माध्यम से ही हो जा रहा है जबकि शहरी विस्तारीकरण योजना के लिए भू-उपयोग परिवर्तित करने का अधिकार शासन को ही है। ऐसे में राज्य सरकार ने अब योजना की जमीन के लिए भू-उपयोग परिवर्तित करने का अधिकार भी विकास प्राधिकरण बोर्ड को दे दिया है। माना जा रहा है कि इससे कार्यों में तेजी आने से योजना को समय से पूरा किया जा सकेगा। उल्लेखनीय है कि योजना के तहत लखनऊ सहित 20 शहरों को सरकार बतौर सीड कैपिटल भारी-भरकम धनराशि उपलब्ध करा रही है।

# चुनाव आयोग का बड़ा फैसला

## यूपी समेत छह राज्यों में बढ़ी एसआईआर की समयसीमा, जारी हुआ नया शेड्यूल

लखनऊ। चुनाव आयोग की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, तमिलनाडु, गुजरात, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश और अंडमान और निकोबार में मतदाता सूची की एसआईआर अनुसूची में संशोधन किया गया है। संबंधित मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) द्वारा प्रस्तुत अनुरोधों के बाद चुनाव निकाय ने एसआईआर के लिए एक संशोधित कार्यक्रम जारी किया। भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने गुरुवार को कहा कि वह उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु और मध्य प्रदेश सहित छह राज्यों में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की तारीखों में संशोधन कर रहा है। चुनाव आयोग की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, तमिलनाडु, गुजरात, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश और अंडमान और निकोबार में मतदाता सूची की एसआईआर (रक्क) अनुसूची में संशोधन किया गया है। संबंधित मुख्य निर्वाचन



अधिकारियों (सीईओ) द्वारा प्रस्तुत अनुरोधों के बाद चुनाव निकाय ने एसआईआर के लिए एक संशोधित कार्यक्रम जारी किया। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार, तमिलनाडु और गुजरात को अब अपनी विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) रिपोर्ट 19 दिसंबर, 2025 (शुक्रवार) तक जमा करनी होगी, जो पहले 14 दिसंबर, 2025 (रविवार) थी। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह के लिए भी समय सीमा बढ़ा दी गई है, और नई जमा करने की तिथि 23 दिसंबर, 2025 (मंगलवार) निर्धारित की गई है, जो पहले की 18 दिसंबर, 2025 (गुरुवार) की समय सीमा का स्थान लेगी। उत्तर प्रदेश को अब अपनी एसआईआर रिपोर्ट 31 दिसंबर, 2025 (बुधवार) तक जमा करनी होगी, जो पहले 26 दिसंबर, 2025 (शुक्रवार) थी। भारत निर्वाचन आयोग 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूची के विशेष गहन संशोधन (रक्क) का दूसरा चरण चला रहा है। रक्क का पहला चरण बिहार में विधानसभा चुनावों से पहले सितंबर में पूरा हो गया था। यह प्रक्रिया अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, केरल, लक्षद्वीप, मध्य प्रदेश, पुडुचेरी, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल को कवर करती है। इनमें से तमिलनाडु, पुडुचेरी, केरल और पश्चिम बंगाल में 2026 में चुनाव होने हैं। असम में भी 2026 में चुनाव होने हैं, जहां मतदाता सूची के संशोधन की घोषणा अलग से की गई है। इसे विशेष संशोधन कहा जा रहा है। अधिकांश राज्यों में मतदाता सूची का अंतिम रक्क 2002 और 2004 के बीच हुआ था, और उन्होंने अपने-अपने राज्यों में हुए अंतिम रक्क के अनुसार वर्तमान मतदाताओं का मानचित्रण लगभग पूरा कर लिया है। रक्क का मुख्य उद्देश्य जन्मस्थान की जांच करके विदेशी अवैध प्रवासियों को बा-हर निकालना है। बांग्लादेश और म्यांमार सहित विभिन्न राज्यों में अवैध प्रवासियों पर की जा रही कार्रवाई के मद्देनजर यह कदम महत्वपूर्ण हो जाता है।

# लूथरा ब्रदर्स ने भारत लौटकर जांच में सहयोग का भरोसा दिया

नई दिल्ली। लूथरा ब्रदर्स ने बयान जारी कर बताया कि वे 11 दिसंबर को भारत लौटेंगे और 25 मौतों वाले ब्लेज हादसे के बाद कानूनी कार्रवाई से बचने के आरोपों को पूरी तरह गलत बताया। दोनों फिलहाल थाईलैंड में हिरासत में हैं और उनका प्रत्यर्पण प्रक्रिया में है। दिल्ली की अदालत में उनकी ट्रांजिट एंटिसिपेटरी बेल पर सुनवाई भी जारी है। दर्ज एफ-आईआर में गैर-इरादतन हत्या, लापरवाही और कई अन्य धाराएँ शामिल हैं। उनकी कानूनी टीम का कहना है कि हादसा किसी बाहरी परफॉर्मर की वजह से हुआ था, न कि आयोजकों की ओर से की गई लापरवाही से।

गोवा के अपोर्रा में स्थित बिर्च



बाय रोमेओ लेन नाइटक्लब में 6 दिसंबर की रात लगी आग के मामले में लूथरा ब्रदर्स ने अपनी चुप्पी तोड़ते हुए जांच में सहयोग करने का भरोसा दिया है। बता दें कि इस हादसे में 25 लोगों की जान चली गई थी, जिसके बाद क्लब संचालक गौरव लूथरा और सौरभ लूथरा पर लापरवाही और गैर-इरादतन हत्या से जुड़े आरोप दर्ज किए गए हैं। गौरतलब है कि दोनों भाई देश छोड़कर थाईलैंड चले गए थे, जिसके चलते उन पर कानूनी प्रक्रिया से बचने के आरोप लगाए गए। हालांकि, उनकी कानूनी टीम ने दावा किया है कि उन्हें गलत तरीके से पेश किया गया है और वे कानून से भागने वालों में शामिल नहीं हैं। मौजूद जानकारी के मुताबिक, वरिष्ठ अधिवक्ता तनवीर अहमद मीर के नेतृत्व वाली लीगल टीम ने उन्हें सलाह दी थी कि वे भारत लौटकर पुलिस और न्यायिक प्रक्रिया के सामने पेश हों, जिसके बाद दोनों ने बयान जारी कर कहा कि वे 11 दिसंबर को देश लौटेंगे और जांच में पूरा सहयोग देंगे हैं। बयान में कहा गया है कि वे ‟कानून का सम्मान करने वाले नागरिक हैं” और उन पर लगाए गए आरोप कि वे जांच से बच रहे हैं, पूरी तरह भ्रामक हैं। उनके अनुसार, देश लौटने का निर्णय किसी कानूनी रणनीति से प्रभावित नहीं है और वे न्यायिक प्रणाली पर पूरा भरोसा रखते हैं। इस बीच, अधिकारियों ने पुष्टि की है कि भारतीय एजेंसियों के अनुरोध पर थाईलैंड में दोनों को हिरासत में ले लिया गया है और उनका प्रत्यर्पण शुरू हो चुका है। बता दें कि भारत और थाईलैंड के बीच 2015 से प्रत्यर्पण संधि लागू है, जिसके तहत यह प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा रही है। इंटरपोल ने भी उन पर ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी किया था, जिसके बाद तलाशी तेज हुई हैं। पुलिस जांच में सामने आया है कि दोनों भाई आग लगने के महज डेढ़ घंटे के भीतर ही फ्लाइट टिकट बुक कर चुके थे और सुबह 5:30 बजे फुकेत के लिए रवाना हो गए थे, जिससे उनकी मंशा पर सवाल खड़े हुए हैं। हालांकि, उनकी तरफ से दायर ट्रांजिट एंटिसिपेटरी बेल याचिका में कहा गया है कि वे अक्सर काम के सिलसिले में यात्रा करते रहते हैं और 6 दिसंबर को भी वे व्यावसायिक मीटिंग के लिए थाईलैंड गए थे।

## महिलाओं को कैंसर के प्रति किया जागरूक

फतेहपुर। फावा संगठन एवं वात्सल्य लखनऊ के सहयोग से नेहरू युवा संगठन टीसी द्वारा संचालित कैंसर जागरूकता अभियान के तहत विकास खंड ऐरायां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरदो में आशाओं के साथ जागरूकता गोष्ठी का आयोजन क्या गया। गोष्ठी में नेहरू युवा संगठन टीसी की स्वास्थ्य कार्यक्रम की समन्वयक अनीता वर्मा ने उपस्थित आशाओं को स्तन का कैंसर, बच्चेदानी व मुंह के कैंसर के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। गोष्ठी में तीनों तरह के कैंसर लक्षणों, बचाव एवं उपचार के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही यह भी बताया गया कि किशोरियों बालिकाओं को कैंसर से बचाव का टीका लगाया जाता है। सभी उपस्थित आशाओं को उत्प्रेरित किया गया कि वह अपने अपने कार्य क्षेत्र में महिलाओं और किशोरियों को जागरुक करें ताकि जन समुदाय इस जानलेवा बीमारी के प्रति जागरूक रहें। समय समय पर जांच कराए तथा लक्षण दिखाई देने पर प्रारंभिक चरण में ही इलाज शुरू कर सके। जागरूकता गोष्ठी में ऐरायां विकास खंड की 40 आशा, आशा संगनी, तथा बीसीपीएम उपस्थित रहे। बीसीपीएम एएनएम और आशा अ आशा संगिनी दीदी उपस्थिति रही। यह जागरूकता अभियान ऐरायां विकास खंड के खागा, अमाव, प्रेमनगर, अल्लीपुर भादर आदि गांव में भी आयोजित किया गया है। जहां पर सांप सीढ़ी खेल के माध्यम से महिलाओं को बताया गया कि किस तरह से खानपान के माध्यम से और उचित व्यायाम के माध्यम से अपने को रोगों से दूर किया जा सकता है। कैंसर से बचाव के लिए सबसे पहले कैंसर के लक्षणों को पहचानना जरूरी है यदि प्रथम स्तर पर कैंसर की जानकारी हो जाती है

# विद्युत कर्मी की मौत से आक्रोशित लोगों ने लगाया जाम





श्रीनगर/महोबा। विगत दिनों कंपनी की लापरवाही के चलते एक संविदा विद्युत कर्मी करेंट से झुलस गया था और उसे हायर सेंटर रिफर किया गया था।ग्वालियर ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।गुस्साए लोगों ने कानपुर-सागर हाईवे पर जाम लगा दिया और मुआवजा व परिवार के सदस्य को नौकरी की मांग की। बंसल कंपनी के मैनेजर ने परिजनों को नौकरी व आर्थिक सहायता का आश्वासन दिया और इसके बाद जाम खुल सका। अवर अभियंता की सूचना पर पुलिस ने कंपनी के चालक, सुपरवाइजर व अन्य लोगों के खिलाफ धारा 287, 289, 125-ए, 125-बी व 149 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस इसकी जांच कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विद्युत विभाग के 33/11 केवी उपकेंद्र श्रीनगर के अवर अभियंता देवकीनंदन आर्य ने पुलिस को तहरीर में बताया कि संविदा कर्मी देवेंद्र 9 दिसंबर को 11 केवी फीडर सिजहरी में कार्य कर रहा था। उसी समय बंसल कंस्ट्रक्शन कंपनी ने बिना विभाग को सूचना दिए और बिना अनुमति के वहीं पर राष्ट्रीय राजमार्ग का चौड़ीकरण कार्य शुरू करा दिया। इसके लिए एलएनटी मशीन से खोदाई की जा रही थी। बरा नाला के आगे एलएनटी मशीन सिजहरी फीडर से सेक्शन पोल की स्टे व पोल से टकरा गई। जिसके चलते पहले से ऊजीर्कृत बंसल फीडर के लाइन के तार इस लाइन से चिपक गए और पूरे फीडर में करंट दौड़ गया। जिससे सिजहरी फीडर पर काम कर रहे देवेंद्र को करंट लगा और वह झुलसकर नीचे गिरकर घायल हो गया। जिला अस्पताल से उसे प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कालेज झांसी रिफर कर दिया।बताया गया है कि उसे झांसी से ग्वालियर ले जाया जा रहा था, लेकिन उसकी रास्ते में मौत हो गई। पुलिस ने जिम्मेदार लोगों के खिलाफ धारा 287, 289, 125-ए, 125-बी व 149 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस इसकी जांच कर रही है।वहीं आक्रोशित परिजनों ने जाम लगा दिया और इसके बाद नौकरी व आर्थिक मदद का आश्वासन देकर जाम खुल सका। इसके बाद यातायात सामान्य हुआ।

## सवर्ण आयोग के गठन समेत आर्थिक आरक्षण लागू करने की मांग

बांदा। सवर्ण आर्मी ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट में जोरदार प्रदर्शन किया और आर्थिक आरक्षण की व्यवस्था लागू करने समेत सवर्ण आयोग का गठन और सवर्ण एक्ट बनाने की मांग बुलंद की। कहा है कि सवर्णों के प्रतिभाशाली बच्चों को आरक्षण की भेंट चढ़ने से बचाने के लिए आरक्षण का आधार जातीय नहींए बल्कि आर्थिक स्थिति को बनाया जाना चाहिए।

कलेक्ट्रेट परिसर में नारेबाजी करते हुए सवर्ण आर्मी के जिलाध्यक्ष आरके द्विवेदी की अगुवाई में सवर्ण समाज के लोगों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से सवर्ण आर्मी ने एससीध्एसटी एक्ट को उत्पीड़न का हथियार बताया। कहा कि फर्जी तरीके से सवर्ण समाज के खिलाफ एससीध्एसटी एक्ट के तहत कार्रवाई की जाती हैए जिससे तमाम पीड़ित लोग आत्महत्या तक करने को विवश होते हैं। कानून में सुधार करने और सवर्ण एक्ट बनाने की जरूरत पर बल दिया। ज्ञापन में कहा गया है कि पूरे देश में जातीय आधार पर आरक्षण की व्यवस्था लागू हैए जिससे सामान्य वर्ग के प्रतिभाशाली बच्चे खुद को साबित करने से वंचित रह जाते हैं और जातीय आधार पर आरक्षण का लाभ पाकर निर्धारित जातियों के बच्चे उनसे आगे निकल जाते हैं। ऐसे में आरक्षण का आधार जातीय न रखकर आर्थिक आधार पर सभी को आरक्षण की व्यवस्था की जानी चाहिएए जिससे सभी वर्गों के प्रतिभावान युवाओं को समान अवसर मिल सकें और उनकी योग्यता का देश को सुदृढ़ बनाने में सहयोग मिल सके।

## सम्पादकीय....

# बलूचिस्तान के बारूद पर बैठकर सोना खोदेंगे ट्रंप !

हम आपको बता दें कि रिकोडिक दुनिया के सबसे बड़े अविकसित तांबा सोना भंडारों में से एक है। माना जाता है कि यहां 15 मिलियन टन तांबा और 26 मिलियन औंस सोना है। कनाडा की दिग्गज कंपनी बैरिक गोल्ड पहले ही 2028 तक उत्पादन शुरू करने का लक्ष्य तय कर चुकी है।अमेरिका के ट्रंप प्रशासन ने पाकिस्तान के सबसे अस्थिर और विद्-ोह-ग्रस्त प्रांत बलूचिस्तान में स्थित रिकोडिक (फ्री' ङ्ग ऊ) तांबाझ्रसोना खदान के लिए 1.25 अरब डॉलर के यूएस एक्ट बैंक वित्तपोषण को मंजूरी दे दी है। यह वही परियोजना है जिसे वर्षों से सुरक्षा संकट, राजनीतिक विवाद और बलूच विद्रोहियों की हिंसा ने कभी आगे बढ़ने नहीं दिया। इस निवेश के साथ निकट भविष्य में 2 अरब डॉलर तक की अमेरिकी मशीनरी और सेवाएँ पाकिस्तान भेजी जाएँगी। अमेरिकी चार्ज दझ्अफेयर्स नटाली बेकर ने कहा है कि यह परियोजना अमेरिका के लिए 6,000 और बलूचिस्तान में 7,500 नौकरियाँ उत्पन्न करेगी। उन्होंने रिकोडिक को दोनों देशों के लिए लाभकारी आदर्श मॉडल बताया है। हम आपको बता दें कि रिकोडिक दुनिया के सबसे बड़े अविकसित तांबाझ्रसोना भंडारों में से एक है। माना जाता है कि यहां 15 मिलियन टन तांबा और 26 मिलियन औंस सोना है। कनाडा की दिग्गज कंपनी बैरिक गोल्ड पहले ही 2028 तक उत्पादन शुरू करने का लक्ष्य तय कर चुकी है। इस परियोजना का 50% मालिकाना बैरिक के पास है, जबकि पाकिस्तानी संघीय व बलूचिस्तान सरकार के पास 25-25% हिस्सेदारी है। रिपोर्टों के अनुसार इस परियोजना से 37 वर्षों में 70 अरब डॉलर से अधिक मुक्त नकदी प्रवाह उत्पन्न होने की संभावना है। हालाँकि, सुरक्षा खतरे सबसे बड़ी चुनौती बने हुए हैं। बलूच विद्रोही गुट लगातार सेना, खनन परियोजनाओं और विदेशी निवेश पर हमले करते रहे हैं। हाल ही में बलूच नेताओं ने स्पष्ट चेतावनी दी कि कोई भी विदेशी निवेशक बलूचिस्तान के कब्जे को वैधता देने की गलती नहीं करे। बलूच नेशनल मूवमेंट के अध्यक्ष नसीम बलूच ने इसे बलूच जनता की संपत्ति पर पाकिस्तानी कब्जे को बढ़ावा देने वाला कदम बताया। इसी बीच विश्व बैंक की IFC, एशियन डेवलपमेंट बैंक और अन्य वैश्विक उधारदाता 2.6 अरब डॉलर से अधिक का वित्त पैकेज जोड़ रहे हैं। साथ ही सऊदी अरब की मनारा मिनरल्स भी 10-20% हिस्सेदारी खरीदने पर बातचीत कर रही है।

# बांग्लादेश में अब हिंदू तय करेंगे सरकार !

शेख हसीना के तख्तापलट के बाद पिछले 18 महीनों से बांग्लादेश की सियासत में उठापटक का दौर जारी है। अब आखिरकार बुधवार यानी 10 नवंबर को आम चुनावों का बिगुल बजने जा रहा है। ढाका में चुनाव आयोग जातीय संसद की 300 सीटों के लिए शेड्यूल का ऐलान करेगा। लेकिन इस बार का चुनाव पिछली बार जैसा बिल्कुल भी नहीं है। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी यानी बीएनपी जमात और एनसीपी जैसी पार्टियां सत्ता के लिए आमने-सामने हैं। इस चुनावी जंग में सबसे ज्यादा चर्चा मुस्लिम राष्ट्र कहे जाने वाले बांग्लादेश के हिंदू वोटरों की हो रही है। ऐसा क्यों कहा जा रहा है? इस बार की सत्ता की चाबी हिंदू समुदाय के हाथों में होगी। बांग्लादेश में कितने हैं हिंदू वोटरों की तादाद है और कैसे 20 सीटें किसी भी पार्टी का खेल बना या बिगाड़ सकती हैं। आज का एमआरआई इसी पर करेंगे। बांग्लादेश में सरकार बनाने के लिए बीएनपी, जमात और एनसीपी



जैसी तीन बड़ी पार्टियां सत्ता पाने के लिए मैदान में उतरेंगी। तीनों ही पार्टियों ने इसके लिए जमीन पर गोलबंदी शुरू कर दी है। लेकिन खास बात यह है कि सबसे ज्यादा चर्चा हिंदू वोटरों की हो रही है। हिंदू मतदाताओं को रिझाने के लिए जमात जैसी कट्टर मुस्लिम पार्टी भी खूब मेहनत कर रही है। कहा जा रहा है कि इस बार बांग्लादेश में सत्ता की चाबी हिंदू वोटरों के हाथ में होने वाली है। बांग्लादेश में 300 सीटों पर चुनाव, बांग्लादेश की जातीय संसद यानी निचला सदन में 300 सीटें हैं। जिस पर चुनाव प्रस्तावित है। सरकार बनाने के लिए 151 सीटों पर जीत जरूरी है। 2008 से लगातार बांग्लादेश में आवामी लीग को जीत मिलती रही है। 2021 में आम चुनाव में तो आवामी लीग ने एक तरफा जीत हासिल की थी। हालांकि इस चुनाव में लीग पर धांधली के आरोप भी लगे थे। इस बार का सिनेरियो थोड़ा सा बदला हुआ है। बांग्लादेश की सियासत से आवामी लीग इस बार चुनावी मैदान से पूरी तरह से आउट है। इसके बदले तीन पार्टियां मैदान में हैं। बांग्लादेश जमात-ए-इस्लामी ने सात समविचारी दलों के साथ मिलकर एक प्रभावशाली 8-दलीय इस्लामी गठबंधन खड़ा किया है, जो आगामी चुनाव और जनमत-संग्रह दोनों में निर्णायक भूमिका निभाने की तैयारी में है। यह गठबंधन 300 सीटों पर साझा उम्मीदवार उतारेगा। इसे जमात का नेतृत्व दिशा दे रहा है, जबकि खिलाफत मजलिस के अहमद अब्दुल कादेर और हमीदुर रहमान अजाद जैसे नेता प्रमुख चेहरे हैं। इस गठबंधन की रूढ़िवादी मतदाताओं, ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में मजबूत पकड़ है। इसे भी पढ़ेंः बांग्लादेश में अब स्वतंत्रता सेनानी और उनकी पत्नी की निर्मम हत्या, आखिर कहाँ जाएँ बांग्लादेशी हिंदू? पिछले वर्ष के छात्र आंदोलन से निकली नेशनल सिटिजन पार्टी (एनसीपी) अपनी तेज राजनीतिक उभार के साथ अब ह्यगोनोतांत्रिक संस्कार जोटह्व का नेतृत्व कर रही है। इसकी साझेदार जमात की शाखा आमार बांग्लादेश पार्टी और राष्ट्र संस्कार आंदोलन हैं। 35 वर्ष से कम उम्र के मतदाताओं में इसकी लोकप्रियता तेजी से बढ़ रही है। संयोजक नाहिद इस्लाम इसका चेहरा हैं, जो अंतरिम सरकार की सलाहकार परिषद से भी जुड़े रहे हैं। इस गठबंधन को श-हरी मध्यम वर्ग और युवाओं पर आधारित है। अवामी लीग के वर्षों तक सहयोगी रहे जातिया पार्टी (जापा-अनिसुल) और जेपी-मनजू ने अब 18 दलों को साथ लेकर नेशनल डेमोक्रेटिक फ्रंट (एनडीएफ) बनाया है। इस गठबंधन का नेतृत्व पूर्व मंत्री अनिसुल इस्लाम महमूद कर रहे हैं, अनवर हुसैन मनजू इसके मुख्य सलाहकार हैं। मंच पर काजी फिरोज राशिद, मुजीबुल हक चन्नू, बाबला समेत कई पूर्व सांसद भी मौजूद थे। यह गठबंधन पुराने प्रशासनिक और राजनीतिक नेटवर्क पर टिके होने के साथ-साथ संभावित अंतरराष्ट्रीय समर्थन का संकेत है।

इंटरनेशनल क्राइम ट्रिब्यूनल ने शेख हसीना और 13 अन्य के खिलाफ मानवता विरोधी अपराधों में 14 दिसंबर 2025 को औपचारिक आरोप तय करने की तारीख रखी है। यह मामला अवामी लीग शासनकाल के दौरान संचालित गुप्त हिरासत केंद्र ह्यआईनाघरह्व से जुड़ा है, जहां जबरन गायब करने, अवैध हिरासत और यातना के आरोप लगाए गए हैं। अभियोजन ने 8 अक्टूबर को औपचारिक शिकायत दाखिल की, जिसके बाद ट्रिब्यूनल ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया। 22 अक्टूबर को 3 वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों को जेल भेजा गया, जबकि फरार आरोपियों के लिए अखबारों में नोटिस प्रकाशित कराए गए। इस मामले में 23 नवंबर को आरोप-निर्धारण की प्रक्रिया आगे बढ़ी।

## पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना मोतीपुर क्षेत्रान्तर्गत नवनिर्मित पुलिस चौकी रायबोझा का किया गया लोकार्पण ।

नवयुग समाचार
बहराइच। दिनाँक 11.12.2025 को पुलिस अधीक्षक बहराइच के द्वारा थाना मोतीपुर क्षेत्रान्तर्गत चौकी रायबोझा में संभ्रांतजनों की उपस्थिति में विधि विधान से पूजा अर्चना कर जनसहयोग से नवनिर्मित पुलिस चौकी का बच्चे से फीता कटवाकर उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि नई पुलिस चौकी स्थानीय लोगों की सुरक्षा और सेवा के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। चौकी के निर्माण से क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था स्थापित होगी तथा आपातकाल की स्थिति में लोगों को नजदीकी पुलिस चौकी से सहायता मिल सकेगी। साथ ही अपराध की रोकथाम



में भी पुलिस चौकी की भूमिका अहम होगी। इसके उपरान्त द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों व पुलिस के साथ चौकी परिसर में पौधरोपण किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री दुर्गा प्रसाद तिवारी,थाना प्रभारी मोतीपुर आनन्द कुमार चौरसिया, सहित पुलिस बल के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण एवं ग्रामीणजन व सम्भ्रांत व्यक्ति मौजूद रहे।

## कन्नौज में तेज रफ्तार ट्रक ने स्कूटी सवार युवक को रौंदा, मौत

### घटना के बाद ग्रामीणों ने किया हंगामा, भारी पुलिस बल तैनात

नवयुग समाचार संवाददाता
सीबू सैनी
कन्नौज। इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के कलशान गांव में गुरुवार को तेज रफ्तार ट्रक ने स्कूटी सवार युवक को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। युवक घर से बाजार के लिए निकला था, लेकिन कुछ दूरी पर ही हादसे का शिकार हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही गांव में कोहराम मच गया। देखते ही देखते सैकड़ों ग्रामीण मौके पर जमा हो गए और सड़क पर जाम लगाते हुए जमकर हंगामा किया। मौके पर पहुंचे तिर्वा



सीओ कुलबीर सिंह सहित कई थानों की पुलिस फोर्स ने ग्रामीणों को समझा-बुझाकर स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के बाद गांव में शोक और आक्रोश दोनों माहौल बना हुआ है। पुलिस ट्रक चालक की तलाश में जुट गई है।

## बीमारियों से बचाव के लिए लगाया स्वास्थ्य कैंप

कानपुर । बदलते मौसम में हो रही बीमारियों से बचाव के लिए कलम एक स्वैच्छिक संस्था बारहट,बिठूर ने स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से आंख हृदय शुगर,अस्थमा एवं सामान्य जांच कर उचित सुझाव दिया। यह शिविर राजकीय आईटीआई पांडु नगर में आयोजित किया गया जिसका उद्घाटन गोविंद नगर विधानसभा के विधायक सुरेंद्र मैथानी ने अपने नेत्र परीक्षण कर किया।शिविर का मुख्य उद्देश्य वर्तमान में मौसम के कारण हार्ट अटैक एवं अस्थमा के रोगियों को बचाव के लिए क्या-क्या सावधानियां बरतनी चाहिए एवं आकस्मिक स्थिति में किन दवाओं का प्रयोग कर जान बचाई जा सके,नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर विशाल गुप्ता ने बताया की आंखों के ऑपरेशन एवं किसी




प्रकार की गंभीर इलाज के लिए यह मौसम सबसे अच्छा माना जाता है एवं कुलवंती हॉस्पिटल के डॉक्टर आरके त्रिपाठी फिजिशियन ने बताया कि हृदय रोग के मरीज को सर्दी के समय अत्यधिक बचाव करना चाहिए साथ में अस्थमा के रोगियों को इस बदलते सीजन में विशेष रूप से बाहर निकलने से बचना चाहिए।

## छात्र ने फांसी लगाने की कोशिश की

मोहम्मद इरफान खान
उन्नाव।बांगरमऊ नगर में गुरुवार दोपहर एक 14 वर्षीय छात्र ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाने का प्रयास किया। छात्र शिवांशु को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया है, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। यह घटना उसके घर के मोहल्ला शुक्लाना में हुई।

परिजनों ने कमरे से आवाज सुनकर शिवांशु को तुरंत नीचे उतारा। उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

शिवांशु इऊरफ इंटर कॉलेज में कक्षा 9 का छात्र बताया जा रहा है। कॉलेज के प्रिंसिपल सतीश कुमार ने बताया कि शिवांशु ने उनके यहां नौवीं कक्षा का एडमिशन फॉर्म भरा था, लेकिन वह नियमित रूप से कहीं और पढ़ाई करता था।

जांच में पता चला कि वह सुषमा एजुकेशन सेंटर में कोचिंग पढ़ने जाता था। कोचिंग संस्थान के प्रिंसिपल ललित शुक्ला ने बताया कि गुरुवार सुबह शिवांशु कोचिंग आया था, लेकिन सिरदर्द की शिकायत कर दवा लेने की बात कहकर चला गया था। इसके बाद घर पहुंचकर उसने खुद को कमरे में बंद कर लिया।

परिजनों ने बताया कि घर आने के बाद शिवांशु सीधे अपने कमरे में चला गया था। कुछ देर बाद कमरे से आवाज आने पर उन्हें शक हुआ। दरवाजा खोलने पर शिवांशु फंदे पर लटका मिला। घटना के कारणों को लेकर अभी तक कोई स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आई है। परिजन किसी विवाद या तनाव से इनकार कर रहे हैं

कोचिंग संचालक ललित शुक्ला ने बताया कि शिवांशु पढ़ाई में तेज था और उसका व्यवहार सामान्य रहता था। उन्होंने कहा, ऐसा कदम क्यों उठाया, इसका अंदाजा नहीं लगाया जा सकता। कोतवाली प्रभारी अखिलेश चंद्र पांडे ने बताया कि उन्हें फिलहाल घटना की औपचारिक सूचना नहीं मिली है।

शिवांशु रज्जन शर्मा का बेटा है, जो नगर में ही रहते हैं। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

## हलधरमऊ सीएचसी अधीक्षक की मनमानी चरम पर, मरीज बेहाल

### तबादला आदेश दरकिनार, उच्चाधिकारियों का नहीं दिख रहा असर।

नवयुग समाचार
गोंडा। जनपद के हलधरमऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर अधीक्षक की मनमानी और जिम्मेदार विभागीय अधिकारियों की उदासीनता का बड़ा मामला फिर उजागर हुआ है। गुरुवार की दोपहर लगभग 1 बजे तक अधीक्षक संत प्रताप वर्मा की कुर्सी खाली पाई गई, जबकि मरीज इलाज के लिए काफी देर तक इंतजार करते रहे। मरीजों के लिए बेहतर स्वास्थ्य स-`वाओं के सरकारी दावों की हकीकत सीएचसी में मौके पर खुलेआम नजर आई। अधीक्षक की गैरमौजूदगी और स्टाफ की उदासीनता ने मरीजों की परेशानियों को बढ़ा दिया।

**16 वर्षों से उसी सीएचसी में तैनाती, 12 वर्षों से अधीक्षक—प्रशासनिक आदेशों का नहीं डर**

सूत्रों के अनुसार संत प्रताप वर्मा पिछले 16 वर्षों से हलधरमऊ सीएचसी में कार्यरत हैं और लगभग 12 वर्षों से अधीक्षक के पद पर बिना किसी व्यवधान के जमे हुए हैं। लम्बे समय से एक ही स्थान पर तैनाती पर स्वास्थ्य विभाग के नियम और तबादला नीति भी सवालों के घेरे में है।

तबादला आदेश हवा-हवाई—बभनजोत सीएचसी के लिए हुआ था ट्रांसफर

जानकारी के अनुसार जून 2024 में अधीक्षक वर्मा का बभनजोत सीएचसी को तबादला आदेश जारी हुआ था। इसके बाद भी वे हलधरमऊ सीएचसी पर ही कार्यरत हैं। स्वास्थ्य विभाग के सूत्र बताते हैं कि सीएमओ के स्पष्ट निर्देश और तबादला आदेश के बावजूद अधीक्षक पर कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिसके चलते अधिकारी बेखौफ बने हुए हैं। सीएचसी पर अधीक्षक की नियमित अनुपस्थिति और आदे-शों की अवहेलना से यह स्पष्ट हो रहा है कि उच्चाधिकारियों के निर्देशों का भी कोई असर नहीं पड़ रहा। मरीजों का कहना है कि चिकित्सक और अधीक्षक समय से न मिलने के कारण कई आवश्यक जांच और उपचार में देरी होती है। सेवाओं में लापरवाही से लोगों की परेशानी बढ़ रही है। स्थानीय नागरिकों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि लंबे समय से एक ही स्थान पर जमे अधिकारियों की तैनाती की समीक्षा कर उचित कार्रवाई की जाए, ताकि स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार हो सके।

## जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना रिसिया क्षेत्रान्तर्गत नवनिर्मित पुलिस चौकी कटिलिया का किया गया लोकार्पण

नवयुग समाचार बहराइच ।दिनाँक 11.12.2025 को जिलाधिकारी महोदय बहराइच, अक्षय त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक बहराइच के द्वारा थाना रिसिया क्षेत्रान्तर्गत चौकी कटिलिया में संभ्रांतजनों की उपस्थिति में विधि विधान से पूजा अर्चना कर जनसहयोग से नवनिर्मित पुलिस चौकी का बच्चे से फीता कटवाकर उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि नई पुलिस चौकी स्थानीय लोगों की सुरक्षा और सेवा के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। चौकी के निर्माण से क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था स्थापित होगी तथा आपातकाल की स्थिति में लोगों को नजदीकी पुलिस चौकी से सहायता मिल सकेगी। साथ ही अपराध की रोकथाम में भी पुलिस चौकी की भूमिका अहम होगी। इसके उपरान्त पुलिस अधीक्षक द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों व पुलिस के साथ चौकी परिसर में पौधरोपण किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर अशोक कुमार सिंह, एसडीएम नानपारा, क्षेत्राधिकारी पयागपुर हर्षिता तिवारी, क्षेत्राधिकारी नानपारा पहुप सिंह, थाना प्रभारी रिसिया करूणाकर पाण्डेय, चौकी प्रभारी गुरुसेन सिंह सहित पुलिस बल के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण एवं ग्रामीणजन व सम्भ्रांत व्यक्ति मौजूद रहे।

## कर्नलगंज में रेलवे ट्रैक पर संदिग्ध हालात में मिले बुजुर्ग के शव की हुई शिनाख्त

### सिर पर गंभीर चोट के निशान, दुर्घटना-हत्या- आत्महत्या! कारण अब भी रहस्य

नवयुग समाचार
कर्नलगंज, गोण्डा।कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत कर्नलगंज रेलवे स्टेशन से लगभग एक किलोमीटर दूर ग्राम पिपरी के पास बुधवार सुबह रेलवे ट्रैक पर एक लगभग 65 वर्षीय बुजुर्ग का क्षत-विक्षत शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया था। स्थानीय लोगों की सूचना पर हल्का दरोगा सरफराज खान व प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र प्रताप राय पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रथम दृष्टया ट्रेन की चपेट में आने की आशंका जताई जा रही है, क्योंकि मृतक के सिर पर गंभीर चोटों के स्पष्ट निशान मिले हैं। हालांकि दुर्घटना, हत्या या आत्महत्या—अभी तक मौत का कारण साफ नहीं हो सका है।

सोशल मीडिया के जरिए हुई शिनाख्त

अज्ञात शव की पहचान सोशल मीडिया पर वायरल हुई तस्वीरों के माध्यम से हुई। मृतक के परिजन वायरल फोटो देखकर मौके पर पहुंचे और शव की पहचान रामदेव (70 वर्ष), निवासी भगहरिया भगवानपुर, थाना कौड़िया के रूप में की। मृतक के बड़े बेटे रक्षाराम ने बताया कि उनके पिता बुधवार सुबह करीब दस बजे अहिरन पुरवा चौराहे पर दाढ़ी बनवाने की बात कहकर घर से निकले थे। ह्लवह कर्नलगंज कैसे पहुंच गए—यह हमारे लिए अब भी रहस्य है,ह्व उन्होंने बताया कि परिवार में दो बेटे हैं रक्षाराम, जो फेरी लगाकर कपड़े बेचते हैं, और कमलेश, जो फास्ट फूड की दुकान चलाते हैं। मृतक की पत्नी मुन्नी देवी का निधन करीब पांच वर्ष पहले हो चुका है। प्रारंभिक जांच में ट्रेन हादसे की आशंका हल्का दरोगा सरफराज खान ने बताया कि प्रारंभिक जांच के अनुसार मौत ट्रेन की चपेट में आने से प्रतीत होती है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही अंतिम कारण स्पष्ट होगा। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं—दुर्घटना, हत्या या आत्महत्या को ध्यान में रखकर जांच कर रही है।

# जिले में अब तक 13 लाख क्विंटल से अधिक धान खरीदी

## किसानों को 296 करोड़ से अधिक का हुआ भुगतान





सोना बारमते। नवयुग समाचार

माइक्रो एटीएम से मिल रही आसानी से नगद भुगतान की सुविधा

मुंगेली,शासन के निदेर्शानुसार एवं कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी सुचारू रूप से पारदर्शिता के साथ जारी है। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 अंतर्गत जिले के 66 समितियों के 105 खरीदी केन्द्रों में पंजीकृत 01 लाख 10 हजार किसानों से धान की खरीदी की जाएगी अब तक जिले के 13 लाख 14 हजार 967 क्विंटल धान खरीदा जा चुका है, इसमें मोटा 07 लाख 69 हजार 972 क्विंटल, पतला 134 क्विंटल और सरना 05 लाख 44 हजार 860 क्विंटल शामिल है। वहीं किसानों को 296 करोड़ रूपए से अधिक का भुगतान किया जा चुका है उपार्जन केन्द्रों से धान का उठाव लगातार जारी है अब तक 01 लाख 71 हजार क्विंटल से अधिक का धान का उठाव किया जा चुका है कलेक्टर के निदेर्शानुसार किसानों को बैंक में लाइन लगने की समस्या ना हो, उन्हें आसानी से भुगतान की सुविधा मिले इसके लिए जिले के 27 हजार से अधिक किसानों को एटीएम कार्ड की सुविधा प्रदान की गई है एवं चेक बुक प्रदान किया गया है सीसीबी नोडल श्री संतोष सिंह ठाकुर ने बताया कि जिले के सभी 66 समितियों में माइक्रो एटीएम की व्यवस्था की गई है और किसानों को एटीएम के माध्यम से आसानी से नगद भुगतान की सुविधा प्राप्त हो रही है उन्होंने बताया कि 10 बैंकों के माध्यम से प्रतिदिन 01 हजार 500 से अधिक किसानों को 07 करोड़ रूपए से अधिक नगद भुगतान किया जा रहा है अब तक 28 हजार से अधिक किसानों ने धान विक्रय किया है और 26 हजार 436 से अधिक किसानों के खाते में राशि जमा की जा चुकी है

**सीमाओं एवं चेक पोस्ट पर 24 घंटे की जा रही निगरानी**

कलेक्टर के निदेर्शानुसार अवैध धान भंडारण एवं परिवहन को रोकने जिले की सीमाओं एवं चेक पोस्ट पर चौकसी को और मजबूत करते हुए 24 घंटे निगरानी की जा रही है। इसके तहत संदिग्ध वाहनों परिवहन गतिविधियों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है सभी आंतरिक चेक पोस्ट पर भी टीमों को तैनात किया गया है निगरानी दल द्वारा रात्रिकालीन गश्त के साथ ही संदिग्ध वाहनों की सघन जांच की जा रही है कोचियों एवं बिचौलियों के माध्यम से अवैध रूप से धान खपाने की घटनाओं पर रोक लगाने की शिकायत के लिए तथा धान खरीदी की पूरी प्रक्रिया की निगरानी हेतु इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर स्थापित किया गया है, इससे खरीदी, भंडारण और परिवहन की रियल टाइम मानिटरिंग सुनिश्चित होगी

**शिकायत दर्ज कराने अधिकारियों के नम्बर जारी**

शिकायत के लिए सहायक आयुक्त सहकारिता श्री हितेश कुमार श्रीवास मो. नं. 8435033315, जिला खाद्य अधिकारी श्री हुलेश कुमार डड़सेना मो. न. 7987300308, डीएमओ श्री मनोज यादव 9826237629 और सीसीबी नोडल अधिकारी श्री संतोष ठाकुर मोबाइल नंबर 9977411044 पर संपर्क किया जा सकता है प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि पंजीकृत किसानों का एक-एक दाना धान खरीदा जाएगा अवैध धान, कोचियों एवं बिचौलियों की सूचना देने वाले व्यक्तियों का नाम व मोबाइल नंबर पूर्णतः गोपनीय रखा जाएगा तथा उन्हें उचित पुरस्कार भी प्रदान किया जाएगा जिला प्रशासन अपील करता है कि किसान एवं नागरिक अवैध गतिविधियों की सूचना तत्काल दें, ताकि धान खरीदी व्यवस्था को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाया जा सके।

# लिंग आधारित हिंसा समाप्ति हेतु सिदेसर में विशेष जागरूकता अभियान का आयोजन






सोना बारमते /नवयुग समाचार

उत्तर बस्तर कांकेर: कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के निदेर्शानुसार महिला एवं बाल विकास अधिकारी द्वारा महिला सशक्तिकरण केन्द्र (हब) एवं ह्यबेटी बचाओ बेटी पढ़ाओह्न योजनांतर्गत लिंग आधारित हिंसा समाप्ति पर 16 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिदेसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें लिंग आधारित हिंसा कारण एवं दुष्प्रभाव तथा इसे समाप्त करने में हमारी भूमिका बारे में जानकारी दी गई। ह्यबेटी बचाओ बेटी पढ़ाओह्न योजनांतर्गत ह्यहर बेटी है खासह्न विषय पर निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बालिकाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया उक्त प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली बालिकाओं को पुरस्कृत भी किया गया कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं को उपलब्ध विशेष अधिकारों पर चर्चा की गई तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं जैसे- महिला हेल्पलाइन 181, सखी वन स्टॉप सेन्टर, सखी निवास, शक्ति सदन, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना, घरेलू हिंसा, सी बॉक्स पोर्टल पोक्सो एक्ट, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, बाल विवाह एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई उक्त कार्यक्रम में महिला सशक्तिरण केन्द्र से जेण्डर विशेषज्ञ, वित्तीय साक्षरता समन्वय विशेषज्ञ, प्राचार्य, शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# दिव्यांगजन सशक्तिकरण की पहल

## कलेक्टर ने किया 3 हितग्राहियों को मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल का वितरण




सोना बारमते/ नवयुग समाचार

खैरागढ़ ,अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर चयनित हितग्राहियों को अनुदानित सहायक उपकरण प्रदाय किए जाने हेतु आज जिला कार्यालय में एक गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम में कलेक्टर श्री इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल ने स्वयं लाभार्थियों को बैटरी संचालित मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल वितरित की उल्लेखनीय है कि समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांगजनों की सुविधा, उनकी गतिशीलता बढ़ाने और उन्हें स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से यह उपकरण प्रदाय किए जा रहे हैं इसी क्रम में आज तीन पात्र हितग्राहियों उतरा वर्मा, मुनेश कुमार और लीला निषाद को बैटरी चलित ट्राईसाइकिल सौंपकर उन्हें सशक्त बनाया गया उपकरण प्राप्त कर लाभार्थियों ने शासन प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल से उनके दैनिक कार्य सरल होंगे तथा आत्मनिर्भरता और सम्मानपूर्वक जीवनयापन में सहायता मिलेगी वितरण कार्यक्रम में संयुक्त कलेक्टर श्रीमती सुमनराज, समाज कल्याण विभाग के सहायक संचालक कमलेश कुमार पटेल सहित विभागीय अधिकारी कर्मचारी राम अवतार साहू, राकेश कुमार साहू, हेमंत टंडन, अनिल साहू एवं नवीन ठाकुर उपस्थित रहे।

# क्षमता और संकल्प से सब कुछ संभव अरुण साव

## डीपीएस के वार्षिक उत्सव में शामिल हुए उप मुख्यमंत्री







सोना बारमते। नवयुग समाचार

बिलासपुर .उप मुख्यमंत्री अरुण साव आज दुर्ग में डेल्ही पब्लिक स्कूल के वार्षिक उत्सव में शामिल हुए उन्होंने इस दौरान स्कूल के मेधावी छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए पुरस्कार देकर सम्मानित किया विधायक श्री रिकेश सेन भी कार्यक्रम में शामिल हुएउप मुख्यमंत्री साव ने वार्षिकोत्सव को संबोधित करते हुए कहा कि आपके जीवन का हर एक मिनट बेहद कीमती है यदि इसे समझ लिया जाए तो ऊँचाइयों को छूने से कोई नहीं रोक सकता उन्होंने छात्रों से माता-पिता के सपनों को साकार करने और परिवार का नाम रोशन करने का आह्वान किया उन्होंने कहा कि एक-एक मिनट का सही उपयोग ही सफलता का आधार है चेहरे पर उत्साह, प्रसन्नता और आत्मविश्वास होना चाहिए, क्योंकि यही व्यक्ति को ऊँचाई तक ले जाती है निराशा और हताशा जीवन में सफलता की राह में बाधक होते हैं साव ने छात्रों से कहा कि बड़ी-बड़ी मंजिलें तय करने से पहले अपने लिए दिशा तय करना जरूरी है दिशा स्पष्ट हो तो ऊर्जा और उत्साह के साथ आगे बढ़कर ऊँचाईयां हासिल की जा सकती हैं उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम का उदाहरण देते हुए कहा कि छोटी सी नौकरी से शुरूआत कर मिसाइलमैन और फिर देश का राष्ट्रपति बनना इस बात का प्रमाण है कि क्षमता और संकल्प से कुछ भी संभव हैउन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि डिप्रेशन जैसे शब्द को अपनी डिक्शनरी से हटा दें छोटी-मोटी असफलताओं से घबराना नहीं है, बल्कि उनसे सीखकर आगे बढ़ना है

डीपीएस, दुर्ग के प्रबंधन समिति के सदस्य श्री एच.एस. बत्रा, हरिभूमि के प्रधान संपादक तथा प्रबंधन समिति के सदस्य डॉ. हिमांशु द्विवेदी, प्राचार्य एवं निदेशक श्रीमती पुनीता नेहरू और इंडस ग्रुप ऑफ स्कूल के निदेशक श्री सुभाष श्योराण सहित बड़ी संख्या में अभिभावक और विद्यार्थी कार्यक्रम में मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने संभाग स्तरीय बस्तर ओलम्पिक का किया विधिवत शुभारंभ, अंतरराष्ट्रीय बॉक्सर मैरीकॉम भी हुईं शामिल

बस्तर संभाग के सातों जिलों और नुवाबाट के खिलाड़ियों ने आकर्षक मार्चपास्ट प्रस्तुत कर दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध

बस्तर अब शांति, समरसता और समृद्धि की ओर अग्रसर  विष्णु देव साय

बस्तर ओलंपिक युवाओं की खेल प्रतिभा को तराशने और उन्हें विकास की मुख्य धारा से जोड़ने का माध्यम अरुण साव






सोना बारमते। नवयुग समाचार

बिलासपुर .आपका मुख्यमंत्री आपके समाज के बीच का है, आपका भाई है आप आगे बढ़ें, सरकार हर कदम पर आपके साथ खड़ी है मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज बस्तर ओलिंपिक-2025 के संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के शुभारंभ के अवसर पर संबोधित करते हुए यह बात कही मुख्यमंत्री श्री साय ने आज जगदलपुर के स्थानीय इंदिरा प्रियदर्शिनी स्टेडियम में संभाग स्तरीय बस्तर ओलिंपिक का विधिवत शुभारंभ किया उन्होंने समूचे बस्तर संभाग के खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया इस दौरान बस्तर संभाग के सभी सातों जिलों के खिलाड़ियों ने आकर्षक मार्चपास्ट प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शुभारंभ समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार बस्तर के गांव-गांव तक विकास की धारा पहुंचाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है, जिसके परिणामस्वरूप बस्तर अब शांति, समरसता और समृद्धि की ओर निरंतर अग्रसर हो रहा है और प्रदेश तथा देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है मुख्यमंत्री साय ने कहा कि बस्तर के युवाओं ने बड़ी संख्या में इस महती आयोजन में भाग लेकर इसे सफल और ऐतिहासिक बनाया है सबसे अधिक हर्ष की बात यह है कि बस्तर ओलम्पिक में नुवाबाट के प्रतिभागियों ने भी उत्साहपूर्वक शामिल होकर इसे एक विशेष आयाम प्रदान किया है बड़ी संख्या में बेटियों और बहनों की सहभागिता यह प्रमाणित करती है कि बस्तर में महिला सशक्तिकरण नई दिशा ले रहा है मुख्यमंत्री साय ने कहा कि सरकार बस्तर के युवाओं को समाज की मुख्य धारा से जोड़कर उन्हें विकास में सहभागी बनाने के लिए कटिबद्ध है। यही कारण है कि बस्तर के युवा लोकतंत्र में आस्था एवं विश्वास के साथ आगे आ रहे हैं और विकास यात्रा में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं मुख्यमंत्री  साय ने कहा कि बस्तर ओलम्पिक खेल प्रतियोगिता के विजेता आने वाले समय में खिलाड़ियों के लिए रोल मॉडल बनेंगे सरकार बस्तर के युवाओं को बेहतर अवसर एवं प्रशिक्षण उपलब्ध कराकर उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करेगी उन्होंने बताया कि अंतरराष्ट्रीय ओलम्पिक स्पधार्ओं में गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल जीतकर आने वाले खिलाड़ियों को क्रमशः तीन-तीन करोड़, दो करोड़ तथा एक करोड़ रुपए की सम्मान निधि प्रदान की जाएगी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि बस्तर ओलम्पिक न केवल युवाओं को खेल के माध्यम से आगे बढ़ाने की पहल है, बल्कि उन्हें विकास की मुख्य धारा में सम्मिलित करने का माध्यम भी है उन्होंने कहा कि बस्तर में खेल अधोसंरचना को और मजबूत किया जाएगा, जिससे खिलाड़ियों को उचित मंच मिल सके उन्होंने खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए कहा कि खेल जितना सिखाता है, उतना ही हार से सीखकर आगे बढ़ने की प्रेरणा भी देता है उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि बस्तर ओलम्पिक युवाओं को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने का सकारात्मक प्रयास है उन्होंने कहा कि सरकार बस्तर के अंदरूनी इलाकों के युवाओं को अधिक अवसर देकर उन्हें प्रोत्साहित कर रही है और भविष्य में यह पहल और अधिक सशक्त रूप में जारी रहेगी इस अवसर पर वन मंत्री केदार कश्यप और ओलम्पिक में ब्रॉन्ज मेडल सहित अन्य अंतरराष्ट्रीय स्पधार्ओं में पदक विजेता खिलाड़ी पद्मश्री एम.सी. मेरीकॉम ने भी उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और शुभकामनाएँ दीं संचालक, खेल एवं युवा कल्याण श्रीमती तनूजा सलाम ने स्वागत उद्बोधन में अवगत कराया कि बस्तर ओलम्पिक की संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में बीजापुर, दंतेवाड़ा, कांकेर, कोंडागांव, नारायणपुर, सुकमा और बस्तर जिले के साथ ही नुवा बाट के करीब तीन हजार पाँच सौ खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं उन्होंने बताया कि यह बस्तर के लिए गौरव का क्षण है और बस्तर के उज्ज्वल भविष्य के लिए राज्य सरकार द्वारा लिया गया यह निर्णय अत्यंत सराहनीय है बस्तर ओलम्पिक में तीन स्तर की प्रतियोगिताओं के माध्यम से प्रतिभाओं को मंच प्रदान किया जा रहा है उन्होंने यह भी बताया कि गत वर्ष के 1,65,000 प्रतिभागियों की तुलना में इस वर्ष 3,92,000 से अधिक प्रतिभागियों ने पंजीयन कराया है, जिनमें 2,27,000 से अधिक महिला प्रतिभागी शामिल हैं, यह बस्तर में परिवर्तन की नई बयार ह कार्यक्रम की शुरूआत खिलाड़ियों द्वारा मशाल प्रज्ज्वलन और आतिशबाजी के साथ हुई इसके बाद रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के तहत माता रूक्मणी कन्या आश्रम तथा अन्य विद्यालयों की छात्राओं द्वारा मनमोहक प्रस्तुतियाँ दी गईं इस अवसर पर विधायक चित्रकोट विनायक गोयल, विधायक दंतेवाड़ा चैतराम अटामी, राष्ट्रीय खिलाड़ी किरण पिस्दा एवं खुशबू नाग, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, जिलों के नोडल अधिकारी, खेल अधिकारी, प्रशिक्षक एवं बड़ी संख्या में खेलप्रेमी व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे पूवर्ती के खिलाड़ी विजय डोडी और ओरछा सलोनी बनीं मशालवाहक बस्तर ओलम्पिक 2025 की संभाग स्तरीय प्रतियोगिता का शुभारंभ आज अत्यंत गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्रीद्वय, मंत्रीगण तथा बॉक्सर पद्मश्री मेरीकॉम द्वारा किया गया हजारों दर्शकों की उपस्थिति में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बस्तर ओलम्पिक की मशाल प्रज्ज्वलित की इसके बाद यह गौरवशाली मशाल सुकमा जिले के सुदूर अंचल पूवर्ती के प्रतिभावान खिलाड़ी विजय डोडी और नारायणपुर जिले के ओरछा ब्लॉक की निवासी सलोनी कवाची को सौंपा गया कबड्डी खिलाड़ी विजय डोडी और खो-खो खिलाड़ी सलोनी कवाची ने पूरे उत्साह, ऊर्जा और गौरव के साथ ग्राउंड की परिक्रमा करते हुए मशाल को मुख्य प्रज्वलन स्थल तक पहुंचाया यह क्षण सुकमा और नारायणपुर जिलों के लिए अत्यंत गौरवपूर्ण और भावनात्मक था जब माओवाद-प्रभावित एवं दूरस्थ क्षेत्रों के खिलाड़ी आत्मविश्वास के साथ हजारों दर्शकों के सामने दौड़ रहे थे दर्शकों का उत्साह भी इस दौरान चरम पर पहुंच गया संभागभर से पहुंचे हजारों खिलाड़ियों और दर्शकों ने इस ऐतिहासिक क्षण का उत्साहपूर्वक स्वागत किया। बस्तर ओलम्पिक के इस भव्य उद्घाटन ने एक बार फिर सिद्ध किया कि बस्तर की माटी में असीम खेल प्रतिभाएं जन्म ले रही हैं और राज्य सरकार तथा प्रशासन के संयुक्त प्रयासों से इन प्रतिभाओं को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं।

# बेमेतरा में 17 दिसम्बर को जिला स्तरीय महिला खेलकूद एवं युवा उत्सव का भव्य आयोजन

सोना बारमते। नवयुग समाचार
बेमेतरा. जिले में युवाओं को खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों से जोड़ते हुए उनकी प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से जिला स्तरीय महिला खेलकूद एवं युवा उत्सव का आयोजन 17 दिसंबर 2025 को शासकीय पी.जी. महाविद्यालय बेमेतरा में किया जा रहा है यह आयोजन युवा वर्ग में उत्साह, प्रतिस्पर्धा और सांस्कृतिक समृद्धि को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है





महिला खेलकूद प्रतियोगिता दो आयु वर्गों में रोमांचक मुकाबले
विगत वर्षों की तरह इस वर्ष भी महिलाओं के लिए खेल प्रतियोगिताएँ दो आयु वर्गों में आयोजित होंगी 09 से 18 वर्ष तक, 18 से 35 वर्ष तक इन आयु वर्गों में निम्न खेलों का आयोजन किया जाएगा जिसमे एथलेटिक्स (100 मी., 400 मी. दौड़, तवा फेंक), खो-खो, हॉकी, बैडमिंटन, वॉलीबॉल, कुश्ती, बास्केटबॉल, फुटबॉल, वेटलिफ्टिंग, रस्साकशी पहले इन प्रतियोगिताओं का आयोजन विकासखंड स्तर पर किया जाएगा, जहां प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली प्रतिभागी ही जिला स्तरीय प्रतिस्पर्धा में शामिल होंगी

**युवा उत्सव कला, संस्कृति और नवाचार का मंच**

जिला स्तरीय युवा उत्सव में 15 से 29 वर्ष के युवक-युवतियाँ अपनी कला और प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे साथ ही, संगतकारों की उम्र 18 से 40 वर्ष के बीच निर्धारित की गई है इस उत्सव में शामिल प्रमुख विधाएँ सामूहिक एवं लोक विधाएँ लोक नृत्य, पंथी नृत्य, राउत नाचा, सुआ नृत्य, करमा नृत्य, लोकगीत, एकांकी, रॉक बैंड एकल प्रतियोगिता मे कहानी लेखन, वाद-विवाद, चित्रकला, नवाचार, कविता लेखन, पारंपरिक वेशभूषा प्रतियोगिता सामूहिक नृत्यों में अधिकतम 10 प्रतिभागी शामिल हो सकेंगे तथा रिकॉर्डेड संगीत की अनुमति नहीं होगी सभी प्रतिभागियों को अपने पंजीयन प्रपत्र में संपूर्ण जानकारी भरकर जमा करनी होगी

**विस्तृत जानकारी प्राप्त करने के लिए**

प्रतिभागी निम्न कार्यालयों से संपर्क कर सकते हैं विकासखंड शिक्षा अधिकारी: बेमेतरा, साजा, बेरला, नवागढ़ जिला खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण विभाग बेमेतरा युवा ऊर्जा और महिला शक्ति को मंच देने की शानदार पहल यह जिला स्तरीय आयोजन न केवल खेल और संस्कृति को बढ़ावा देगा, बल्कि युवाओं और महिलाओं में आत्मविश्वास, रचनात्मकता और नेतृत्व क्षमता को भी मजबूत करेगा 17 दिसंबर को बेमेतरा जिले में प्रतिभाओं का यह महाकुंभ एक यादगार आयोजन बनने जा रहा है।

# खाद्य निरीक्षक की जबरन उगाही पर सात दिन बाद कार्रवाई

## व्यापार मंडल के आवाह्न से जागा प्रशासन, अनिल पाल निलंबित—मुकदमा दर्ज ,व्यापारियों ने मिठाइयाँ बाँटकर जताई खुशी

अमित सिंह/नवयुग समाचार
कानपुर। सरसौलझ्महाराजपुर क्षेत्र में खाद्य निरीक्षक द्वारा कथित जबरन उगाही के मामले में सात दिन से लंबित कार्रवाई आखिरकार पूरी हो गई। उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के धरनाझ्प्रदर्शन के आवाह्न के बाद देर रात खाद्य विभाग और पुलिस विभाग हरकत में आ गए। अभिहित अधिकारी संजय प्रताप सिंह की जांच रिपोर्ट के आधार पर आयुक्त खाद, लखनऊ डॉ. रोशन जैकब ने निरीक्षक अनिल पाल को प्रथम दृष्टया दोषी मानते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। उधर, पुलिस ने भी तेजी दिखाते हुए थाना महाराजपुर में निरीक्षक अनिल पाल, उसके चालक (नामझ्पता अज्ञात), अंशुल नामक युवक और एक अज्ञात सहयोगी के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है। सुबह होते ही कार्रवाई की सूचना क्षेत्र में फैल गई और सरसौल के व्यापारियों में उत्साह की लहर दौड़ गई।व्यापारियों का



उत्सव—ढोल-नगाड़े, पुष्पवर्षा और मिठाई वितरण
निलंबन और मुकदमे की जानकारी मिलते ही व्यापार मंडल के पदाधिकारियों का व्यापारियों ने जगहझ्जगह ढोलझ्नगाड़ों, पुष्पवर्षा, फूलमालाएं और पटके पहनाकर भव्य स्वागत किया। बाजार में मिठाइयाँ बाँटी गईं और एक-दूसरे को मुंह मीठा कराते हुए व्यापारी न्याय मिलने की खुशी जाहिर करते दिखे।
-सात दिन पूर्व आयुष जनरल स्टोर के व्यापारी राजेश गुप्ता ने उळळश फुटेज और भुगतान स्क्रीनशॉट सहित ठोस साक्ष्यों के साथ शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन कार्रवाई लगातार टलती रही। इससे व्यापारी समाज में भारी नाराजगी उत्पन्न हुई। इसी के विरोध में उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के क्षेत्रीय अध्यक्ष विनोद विश्वकर्मा ने पैदल मार्च और धरनाझ्प्रदर्शन का आवाह्न किया था। बड़ी संख्या में व्यापारियों के एकत्र होने की सूचना मिलते ही प्रशासन हरकत में आया और कार्रवाई तेज हुई।
व्यापारियों ने आरोप लगाया कि निरीक्षक अनिल पाल लंबे समय से धमकाकर, भय दिखाकर और शक्ति का दुरुपयोग करते हुए अवैध वसूली कर रहा था। लगातार सात दिनों की देरी से यह आशंका बढ़ गई थी कि कहीं न कहीं मामले को दबाने का प्रयास हो रहा है।

**अब भय का वातावरण समाप्त होगा—जिला अध्यक्ष महेश वर्मा**

उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष महेश वर्मा ने कहा कि इस कार्रवाई से सरसौल क्षेत्र के खाद्य व्यापारियों में फैला भय का माहौल अब समाप्त होगा। उन्होंने बताया कि कार्रवाई की सूचना के बाद कई व्यापारी सामने आए हैं जिन्होंने दबाव में आकर 10,000 से 30,000 रुपये तक की अवैध उगाही की पुष्टि की है। उन्होंने व्यापारियों से अपील की कि वे गुणवत्तापूर्ण सामग्री बेचें, पक्का बिल जारी करें और गलत कार्यवाही के विरुद्ध संगठित रहें।

**मुख्य रूप से मौजूद रहे पदाधिकारी एवं व्यापारी**

इस कार्रवाई के दौरान जिला अध्यक्ष महेश वर्मा के साथ प्रमुख रूप से रवि सिंह, सत्येंद्र सिंह, श्याम सुंदर, उमाशंकर चौरसिया, चांद मोहम्मद, हरिओम शिवहरे, विनोद विश्वकर्मा, अनिल विश्वकर्मा, बबलू सिंह, रजनीश सोनी, दीपक मिश्रा, मनीष गुप्ता, मुकेश सोनी, अमन सिंह, विभुम द्विवेदी, शुभम शुक्ला, अभय गुप्ता, धर्मेंद्र दीक्षित, संतोष गुप्ता, श्याम अरोड़ा, पंकज गुप्ता, शिववीर तोमर, समीम राईन, रितेश, रमन मिश्रा आदि बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

# रजिस्ट्री दफ्तर के स्थानांतरण की सूचना पर भड़के अधिवक्ताओं ने की कलम बंद हड़ताल

नवयुग समाचार संवाददाता
बिल्हौर: पूर्व अध्यक्ष बिल्हौर बार एसोसिएशन रविनेश यादव ने बताया कि बिल्हौर रजिस्ट्री दफ्तर को बिल्हौर तहसील परिसर से स्थानांतरित कर कहीं दूर ग्रामीण अंचल के निर्जन क्षेत्र में बनाए जाने के विरोध में उप निबंधक बिल्हौर के माध्यम से उप जिलाधिकारी बिल्हौर के द्वारा जिलाधिकारी महोदय कानपुर नगर को संबोधित ज्ञापन सौंपा। स्थानांतरण के विरोध में आपत्ति एवं तर्कों सहित प्रेषित किया जा चुका है साथ ही सांसद मिश्रिख व विधायक बिल्हौर व एमएलसी स्नातक कानपुर उन्नाव खंड को भी अनुरोध पत्र संबंधित समस्या के निस्तारण हेतु प्रेषित किया जा चुका है, लेकिन कोई हल ना मिलने पर समस्त बिल्हौर तहसील के अधिवक्ताओं ने संयुक्त रूप से सभा करके






सवार्नुमति से 12/12/25 से उप निबंधक कार्यालय बिल्हौर के समस्त कार्यों का बहिष्कार करते हुए, समस्या निस्तारण तक कलम बंद हड़ताल का निर्णय लिया गया है। उक्त अवसर पर अध्यक्ष बृजेश कटियार, महामंत्री सौरभ कटियार, प्रवीण कटियार,अजीत सिंह, राजीव कटियार, अनिल पांडे, सुशांक मिश्रा, नितिन कटियार, जनार्दन यादव, अभिषेक पांडे, आलोक मिश्रा, यशवंत कुशवाहा, जगत यादव, कपिल कुशवाहा, अभिषेक यादव, शिवनारायण पाल आदि मौजूद रहे।

# नवागंतुक प्रभारी निरीक्षक अखिलेश चंद्र पांडेय ने कोतवाली का लिया चार्ज

मोहम्मद इरफान खान
नवयुग समाचार
उन्नाव।बांगरमऊ कोतवाली में आज नए प्रभारी निरीक्षक अखिलेश चंद्र पांडेय ने विधिवत रूप से पदभार ग्रहण कर लिया। उन्हें पुलिस अधीक्षक उन्नाव के निर्देशानुसार यह नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। ?कार्यभार संभालने के बाद, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली प्रभारी ने कोतवाली क्षेत्र के समस्त पुलिसकर्मियों से मुलाकात की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनकी पहली और सबसे महत्वपूर्ण प्राथमिकता क्षेत्र में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखना है।मीडिया से बातचीत करते हुए कोतवाली प्रभारी ने कहा, अपराध नियंत्रण, विशेष रूप से महिला सुरक्षा और अवैध गतिविधियों पर नकेल कसना हमारी मुख्य कार्य योजना में शामिल है। जनता से मेरी अपील है कि वे निडर होकर



पुलिस का सहयोग करें ताकि हम एक सुरक्षित और अपराध मुक्त वातावरण सुनिश्चित कर सकें।?उन्होंने यह भी बताया कि पुलिस और जनता के बीच बेहतर तालमेल बिठाने के लिए जनसुनवाई कार्यक्रमों को नियमित रूप से आयोजित किया जाएगा। कोतवाली प्रभारी के चार्ज लेने के बाद स्थानीय लोगों और कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया और उन्हें शुभकामनाएं दीं।

# गौशाला में लगे सीसीटीवी कैमरे

बिल्हौर: गौशालाओं की निगरानी के लिए अधिकारियों ने सीसीटीवी कैमरे लगवाने के आदेश दिए हैं। बीते दिन विकासखंड बिल्हौर की नसिरापुर ग्राम सभा एवं नानामऊ ग्राम सभा स्थित गोवंश आश्रय स्थल में चार-चार सीसीटीवी कैमरे लगवाए गए। खंड विकास अधिकारी नेमचंद्र के मुताबिक सीसीटीवी के माध्यम से गौशालाओं की हर समय की निगरानी की जा सकेगी। वही ग्राम प्रधान नसिरापुर रामेंद्र कटियार ने गोवंश के प्रति ध्यान देने के लिए प्रशासन को बधाई दी और खुशी जाहिर की।

# पल्स पोलियो अभियान 14 से होगा शुरू

## अभियान की सफलता सुनिश्चित करने के लिए तहसील स्तरीय टास्क फोर्स की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित

मोहम्मद इरफान खान
नवयुग समाचार
उन्नाव। बांगरमऊ देश को पोलियो मुक्त बनाए रखने के - संकल्प के साथ आगामी 14 दिसंबर से शुरू होने वाले सघन पल्स पोलियो अभियान की सफलता सुनिश्चित करने के लिए बुधवार को तहसील स्तरीय टास्क फोर्स की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई
इस बैठक में शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई।
बैठक की अध्यक्षता कर रहे उपजिलाधिकारी बृजमोहन शुक्ला ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि से 5 वर्ष तक की आयु का कोई भी बच्चा पोलियो खुराक से वंचित न रहे। 14 दिसंबर को बूथ दिवस रहेगा जहां सभी नामित बूथों पर बच्चों को पोलियो की दो बूंदें पिलाई जाएंगी। 15 दिसंबर से अभियान की टीमें घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को खुराक पिलाएंगी। उपजिलाधिकारी ने विशेष रूप से ईंट-भट्ठों, निर्माण स्थलों मलिन बस्तियों और रेलवे स्टेशनों/बस अड्डों जैसे ट्रांजिट प्वाइंट पर रहने वाले घुमंतू बच्चों पर ध्यान केंद्रित करने का निर्देश दिया। अधिकारियों को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (फेसबुक, व्हाट्सएप एक्स) तथा रैलियों के माध्यम से अभियान का व्यापक



प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया गया, ताकि अभिभावकों को टीके के महत्व के बारे में जागरूक किया जा सके। अभियान को सफल बनाने के लिए एएनएम, आशा कार्यकताओं और आगनबाड़ी सेत्रिकाओ की टीमें गठित की गई हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के प्रतिनिधि व यूनीसेफ की संजू झा ने भी पर्यत्रेक्षण और तकनीकी सहायता देने की पुष्टि की। बैठक में एक भी बच्चा छूट गया तो सपना अपना टूट गया, के संकल्प को दोहराया गया। सभी स्वास्थ्यकर्मियों ने इस राष्ट्रीय अभियान को शत प्रतिशत सफल बनाने का प्रण लिया। उपजिलाधिकारी बांगरमऊ ने आम जनता से अपील की है कि वे अपने 5 वर्ष से कम आयु के सभी बच्चों को पोलियो बूथ पर लाकर खुराक अवश्य दिलवाएं। इस मौके पर यूनीसेफ की संजू झा सीएससी बांगरमऊ के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर मुकेश कुमार, सीएलसी एफ 84 के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर संजीव कुमार, तथा स्थानीय निकाय सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी/ कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बहराइच हिंसा मामला न्यायालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश बहराइच सरफराज को फांसी, 9 दोषियों को उम्रकैद

नवयुग समाचार
बहराइच
थाना हरदी क्षेत्र अन्तर्गत महराजगंज में हिंसा से सम्बन्धित 10 अभियुक्तगण को मा0 न्यायालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश बहराइच द्वारा 01 अभि0 को मृत्युदण्ड व अन्य 09 अभियुक्तगण को सश्रम आजीवन कारावास से तथा प्रत्येक को 01-01 लाख रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। उल्लेखनीय है कि विगत 13.10.2024 को मां दुर्गा मूर्ति विसर्जन जुलूस के दौरान कस्बा महाराजगंज में जुलूस ले जा रहे एक व्यक्ति रामगोपाल मिश्रा पुत्र कैलाश नाथ मिश्रा निवासी ग्राम रेहुवा मंसूर थाना रामगांव जनपद बहराइच उम्र 25 वर्ष की अभियुक्त सरफराज उर्फ रिंकू पुत्र अब्दुल हमीद निवासी कस्बा महाराजगंज के द्वारा अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। उक्त घटना के संबंध में मृतक के भाई हरमिलन मिश्रा द्वारा थाना हरदी पर दी गई लिखित तहरीर के आधार पर मुकदमा अपराध संख्या 369/24





धारा 191(2)/191(3)/190/103(2) इठर बनाम अब्दुल हमीद पुत्र अब्दुल मजीद निवासी कस्बा महाराजगंज आदि 06 नफर दिनांक 13.10.2024 को पंजीकृत किया गया था। विवेचना के दौरान तात्कालीन विवेचक थानाध्यक्ष कमलशंकर चतुर्वेदी द्वारा धारा 61(2), 249 इठर एवं 3/5/30 शस्त्र अधिनियम व 07 अन्य व्यक्तियों की संलिप्तता पाए जाने के कारण उनके नाम को प्रकाश में लाकर बढ़ोतरी की गई। विवेचना के उपरांत मुकदमे में 1-अब्दुल हमीद पुत्र अब्दुल मजीद, 2-रिंकू उर्फ सरफराज पुत्र अब्दुल हमीद, 3-फहीम पुत्र अब्दुल हमीद, 4-मोहम्मद जीशान उर्फ राजा उर्फ शाहिर पुत्र मोहम्मद अली 5-ननकू पुत्र नानमून, 6-मारूफ अली पुत्र मेहदी हसन 7-मोहम्मद तालिब उर्फ बबलू पुत्र अब्दुल हमीद 8-मोहम्मद अफजल उर्फ कल्लू पुत्र मोहम्मद अनवर 9-शकील अहमद उर्फ बबलू पुत्र हाजी मोहम्मद 10-इब्राहिम सैफ अली पुत्र अनवर 11-जावेद पुत्र राशिद खान 12-शोएब पुत्र मुबारक अली एवं 13-खुर्शीद पुत्र हाजी मोहम्मद 13 नफर के विरुद्ध आरोप पत्र दिनांक 11-01-2025 को मा0 न्यायालय प्रेषित किया गया था।उक्त सभी 13 अभियुक्तों के विरुद्ध राष्ट्रीय सुरक्षा कानून(एन0एस0ए0) के तहत प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही की गयी थी। घटना के दौरान पुलिस द्वारा गठित कन्ट्रोल रुम व सर्विलांस की मदद से सी0सी0टी0वी0 फुटेज व अन्य प्रभावशाली एवं त्रुटिरहित साक्ष्यों के साथ विवेचना करने उपरान्त मा0 न्यायालय में साक्ष्यों को प्रस्तुत कर उक्त अभियोग को पुलिस महानिदेशक ए उ0प्र0 के द्वारा संचालित ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत चिन्हित कर प्रभावी पैरवी करते हुए गवाहान को नियत तिथि पर मा0 न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर उनके परीक्षण की प्रक्रिया पूर्ण करायी गयी।पुलिस व अभियोजन संवर्ग के समन्वय के परिणामास्वरुप मा0 न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम जनपद बहराइच द्वारा आरोप पत्र पर दिनांक-12.02.2025 को संज्ञान लेकर सुनवाई शुरू की गई,मा0 न्या0 द्वारा मुकदमा उपरोक्त के विचारण उपरान्त आज दिनांक-11.12.2025 को कुल 13 अभियुक्तगण में से 03 अभियुक्तगण मोहम्मद अफजल उर्फ कल्लू पुत्र मोहम्मद अनवर, खुर्शीद पुत्र हाजी मोहम्मद निवासीगण कस्बा महाराजगंज थाना हरदी एवं शकील अहमद उर्फ बबलू पुत्र हाजी मोहम्मद इब्राहिम निवासी चन्द्रपईया थाना हरदी को संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त किया गया जबकि शेष 10 अभियुक्तों को दोषी करार दिया। दोषी सभी 10 अभियुक्त में से मुख्य अभियुक्त सरफराज उर्फ रिंकू पुत्र अब्दुल हमीद निवासी कस्बा महाराजगंज थाना हरदी जनपद बहराइच को आज दिनांक 11 दिसंबर 2025 को मृत्युदंड की सजा एवं एक लाख जुमार्ना तथा शेष 09 अभियुक्त को आजीवन कारावास की सजा तथा एक-एक लाख रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

दोषसिद्धि का विवरण- पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 लखनऊ के आदेश के क्रम एवं पुलिस अधीक्षक ,बहराइच के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक नगर, एवं ग्रामीण के कुशल नेतृत्व में ‘ऑपरेशन कन्विक्शन’ के तहत चिन्हित अपराधों में दोषी अभियुक्तों के विरुद्ध माननीय न्यायालय द्वारा अधिकतम/ त्वरित दंडात्मक कार्यवाही हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसके क्रम में उक्त अभियोग में माननीय न्यायालय पीठासीन अधिकारी पवन कुमार शर्मा-क्ष्क्ष् प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश बहराइच द्वारा मॉनिटरिंग सेल पुलिस कार्यालय बहराइच, प्रभारी थाना हरदी, ए.डी.जी.सी. क्रिमिनल प्रमोद कुमार सिंह, कोर्ट मोहर्रिर हे0का0 दिनकर यादव, हे0का0 रविन्द्र कुमार, थाना पैरोकार का0 रतन वर्मा की प्रभावी पैरवी के फलस्वरुप दिनांक- 11.12.2025 को दोषी अभियुक्तगण को दण्डित किया गया।

अभियुक्त का विवरण:-
1.मो0 सरफाज अहमद उर्फ रिंकू पुत्र अब्दुल हमीद (मृत्युदंड)
2.अब्दुल हमीद पुत्र अब्दुल मजीद (आजीवन कारावास)
3.मो0तालीब उर्फ सबलु पुत्र अब्दुल हमीद (आजीवन कारावास)
4.फहीम पुत्र अब्दुल हमीद (आजीवन कारावास)
5.मो0जीशान उर्फ राजा साहिर पुत्र मो0अली (आजीवन कारावास)
6.शैफअली पुत्र मरहूम अनवर (आजीवन कारावास)
7.जावेद पुत्र जाहिद खान (आजीवन कारावास)
8.शोएब खान पुत्र मुबारक खान (आजीवन कारावास)
9.ननकऊ पुत्र नानमून (आजीवन कारावास)
10.मारुफ अली पुत्र मेंहदी (आजीवन कारावास) दोषसिद्ध अभियुक्त को- उपरोक्त सजा के अतिरिक्त प्रत्येक को 01-01 लाख के अर्थदण्ड से भी दण्डित किया गया।

**नवयुग समाचार -हिन्दी दैनिक** -स्वामी, प्रकाशक एवं संपादक मनीष कुमार सिंह द्वारा शोभित ऑफसेट के- 450 इंद्रलोक कॉलोनी, पोस्ट मानस नगर, लखनऊ, 226023, उत्तरप्रदेश से मुद्रित कराकर मुकेरिया, महसी, रामगांव, बहराइच से प्रकाशित।
आर एन आई/ टाइटल कोड - UPHIN 49594 **संपादक** मनीष कुमार सिंह मो.नं. +91 9984176988, ई-मेल - navyug samachar @gmail.com **प्रबंध संपादक** संजय कुमार त्रिपाठी मो.नं. 9044973372 सभी विवादों का न्याय क्षेत्र बहराइच, उ.प्र. होगा।